तापमान

अधिकतम 27 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

# हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 27 जुलाई 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 कारगिल विजय दिवसः शौर्य, बलिदान और विजय की अमर गाथाः रामनरेश



## खबर संक्षेप

### खूंटाटोला बॉर्डरः रात में उगाही की शिकायत

**अनूपपुर।** अनूपपुर जिले का खूंटाटोला बॉर्डर इन दिनों अवैध उगाही का एक बड़ा केन्द्र बन गया है। आरोप हैं कि रात ढलते ही आरटीओ विभाग का एक कथित उड़नदस्ता सक्रिय हो जाता है और वाहन चालकों से सरेआम अवैध वसूली करता है। इस टीम पर केवल दस्तावेजों के पूरे होने पर भी गाड़ियों को रोकने का ही नहीं, बल्कि नशे की हालत में बदसलूकी और मारपीट करने तक के गंभीर आरोप हैं, जिसने वाहन चालकों में गहरा डर पैदा कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक प्रदेश सरकार ने लंबे समय पहले ही राज्य के सभी बॉर्डर चेकपोस्ट को बंद करने का आदेश जारी कर दिया था। इसके बावजूद खूंटाटोला बॉर्डर पर हर रात वसूली की महफिल सजती है।

### युवक ने लगाई फांसी जांच में जुटी पुलिस


**कटकोना।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मिली जानकारी के अनुसार कटकोना निवासी अभिषेक पिता रविन्द्र कुमार 23 वर्ष ने शुक्रवार व शनिवार की दरम्यिानी रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घर से करीब 300 मीटर की दूरी पर पलास पेड़ में लाईलून की रस्सी से फांसी पर झूलते सुबह आस-पास के लोगों ने देखा का परिजन को बताया। परिजन ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा और जांच पंचनामा करते हुए पीएम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया। परिजन ने बताया कि वह रात में घर से निकला था। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है पुलिस जांच कर रही है।

### कारगिल विजय दिवस पर विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुति



**मनेन्द्रगढ़।** कारगिल दिवस के लिए विशेष प्रातः सभा का आयोजन किया गया। इसमें सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य डॉ.बसंत तिवारी ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय के मुख्य छात्र रूशील आनंद साहू ने कारगिल युद्ध और देश के प्रति अपने प्रेम भाव को व्यक्त किया, तो साथ ही कक्षा सातवीं की छात्राओं ने सुंदर और मनमोहक गीतों की प्रस्तुति दी। विद्यालय के नृत्य शिक्षक अयोध्या दास गीत सूना कर विद्यालय के युवाओं को प्रेरित किया। कुछ छात्र-छात्राओं ने अपने नृत्य अभिनय द्वारा कारगिल की झलक दिखलाई। विद्यालय के रसायन विज्ञान के वरिष्ठ शिक्षक विवेक पांडे ने छात्र-छात्राओं को अवगत कराया कि इस आजादी की कीमत कभी लगाई नहीं जा सकती एवं कैप्टन विक्रम बत्रा का देश के प्रति जूनन की याद दिलाई। अंत में विशेष सभा को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ. बसंत तिवारी ने छात्र-छात्राओं को याद दिलाया कि देश का हर नागरिक देश का रक्षक है, उसकी जिम्मेदारी है कि वह हर कार्य ईमानदारी से करके भी देश की सेवा कर सकता है।

### गर्भाशय ग्रीवा कैंसर को लेकर जागरुकता अभियान



**मनेन्द्रगढ़।** एसईसीएल अपने क्षेत्र में जनहितकारी कार्य करती रहती है। इसी तारतम्य में केन्द्रीय चिकित्सालय आमखेरवा में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। हसदेव क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक यूसी शर्मा के मार्गदर्शन एवं डॉ. संजय कुमार के क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में एचपीव्ही वेक्सीन लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसमें केन्द्रीय चिकित्सालय मनेन्द्रगढ़ के चिकित्सकों में वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.पीके सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. के. प्रियता, उप-मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गौरव गुप्ता, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. वाफेमा एवं मेट्न श्रीमती सुनंदा लकड़ा का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा। एचपी वेक्सीन गर्भाशय ग्रीवा कैंसर (एवं सर्वाइकल कैंसर) से बचाव के लिए दिया जाता है, यह वेक्सीन 9 वर्ष आयु से 26 वर्ष आयु की बालिकाओं एवं महिलाओं को दिया जाना है, जिससे कैंसर का रोकथाम किया जा सके। 23 जुलाई को 15 मरीजों को वेक्सीन एवं प्रमाण पत्र दिया गया। यह कार्यक्रम सतत चलेगा, जिसमें हसदेव क्षेत्र के योग्य बालिकाएं एवं सभी महिलाएं इस अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## कई घरों में घुसा पानी, ग्रामीण इलाको में आवाजाही प्रभावित

# लगातार रूक-रूककर हो रही बारिश से जगह-जगह भरा पानी




सड़क के उपर से बह रहा बारिश का पानी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

कुछ दिनों के अंतराल के बाद कोरिया जिले में गुरूवार की रात्रि से बारिश की शुरूआत हुई तो दूसरे-तीसरे दिन भी जारी रही। रूक-रूक कर हो रही बारिश के कारण सभी क्षेत्र पानी-पानी हो गया है। भारी बारिश के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में जहां कई लोगों के मिट्टी के अहाता गिर गए तो शहरी क्षेत्रों में लोगों को जल भराव के कारण परेशानी बढ़ा दी।

शुक्रवार की रात्रि से बारिश जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित जिले के कई क्षेत्रों में बारिश होती रही और सुबह होने पर शनिवार को भी सुबह के समय कुछ घंटों तक बारिश होती रही। लगातार बारिश के कारण नदी-नाले में जल का स्तर बढ़ गया है। खेतों में बारिश का पानी भर गया हैं, इसके चलते रोपा कार्य करने में किसानों को परेशानी हो रही है। धान का पौधा तैयार हो गया है, लेकिन जिन खेतों में धान पौधे का रोपा लगाना है, उसमें अधिक पानी भर जाने के कारण रोपा कार्य के लिए परेशानी हो रही है। भारी बारिश के कारण शहर की सड़कों पर पानी का बहाव होने लगा, इसके चलते कई जगहों पर लोगों को आवागमन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, खासकर पैदल चलने वाले लोगों को। जल भराव वाले मुख्य मार्ग पर वाहनों के आवाजाही के दौरान पैदल चलने वालों को परेशानी होती हैं, इसके अलावा शहर के कई मोहल्लों में जल भराव की स्थिति के कारण परेशानी लोगों को हो रही है।

### छात्रावास पहुंच मार्ग पर भरा बरसात का पानी



ओड़गी नाका के आगे स्थित पेट्रोल पंप के पीछे स्थित पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास पहुंच मार्ग पर लगातार बारिश के कारण भारी जल भराव हो गया है, इसके चलते छात्राओं को हॉस्टल आने-जाने में जल भराव के बीच होकर आने जाने की मजबूरी है। बीते वर्ष भी यही स्थिति बनी हुई थी। पूर्व में छात्रावास भवन तक जल भराव होती थी, लेकिन भवन के सामने हिस्से में टाईल्स लगा देने से भवन के द्वार से लगे परिसर में जल भराव की स्थिति तो नहीं बन रही है,लेकिन छात्रावास पहुंच मार्ग में जल भराव की स्थिति इस बारिश में बन रही है।

### सड़क के उपर से बह रहा बरसाती जल

हाल में हो रही बारिश के कारण मुख्य मार्ग पर कई जगहों पर जल भराव होकर सड़क के उपर से पानी का बहाव हो रहा है। इसी तरह का हाल ओड़गी नाका के आगे पेट्रोल पंप से लेकर आगे कुछ दूरी तक सड़क पर बारिश के पानी का बहाव सड़क के उपर से हो रहा है। ऐसे जगहों से पैदल आवागमन करने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### नाली बनी पर सड़क पर बह रहा पानी

ओड़गी नाका के आगे स्थित पेट्रोल पंप के पास से आगे कुछ दूरी तक मुख्य मार्ग किनारे जल निकासी के लिए लाखों रूपए खर्च कर नाली निर्माण कार्य कराया गया, लेकिन सड़क से नाली की ऊंचाई अधिक होने के कारण बरसात का पानी नाली में न बहकर नाली व सड़क किनारे से जल का बहाव हो रहा है, ऐसे में नाली निर्माण पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

## वार्ड 15 में घरों में घुसा पानी, लोग रातभर बेहाल, रेस्क्यू सुबह शुरू

**मनेन्द्रगढ़।** शहर के वार्ड नंबर 15 में लगातार दो दिनों से हो रही मूसलधार बारिश ने लोगों की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं। बारिश का पानी इस कदर जमा हो गया कि बिजली ऑफिस के पीछे स्थित रिहायशी बस्ती में कई घरों में पानी भर गया, तो कई घर पूरी तरह जलमग्न हो गए। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि पीने के पानी के लिए बने कुएं में भी गंदा पानी भर गया, इससे वार्ड में स्वच्छ पेयजल की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है।

■ मनेन्द्रगढ़ में बारिश बनी मुसीबत

बारिश और जल भराव की सूचना मिलने पर सर्वप्रथम पार्षद स्वप्निल सिन्हा,वार्ड पार्षद किरण कुजूर प्रभावित क्षेत्र पहुंचे, इसके उपरांत आमाखेरवा के झिरिया मोहल्ला में तहसीलदार, सीएमओ नगर पालिका स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। प्रभावित लोगों से जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई की। प्रभावित परिवारों को हरियाणा भवन में अस्थायी रूप से शिफ्ट किया गया, लेकिन अंधेरा होने के कारण रात में राहत कार्य शुरू नहीं हो सका। लोगों ने रात जैसे-तैसे गुजारी। शनिवार सुबह बचाव कार्य शुरू किया गया। राहत दल ने सर्वप्रथम उस स्लैब को हटाने का प्रयास किया, जो पानी के बहाव में बाधा बन रहा था। काफी मेहनत के बाद स्लैब को हटाया गया, तब जाकर पानी का स्तर धीरे-धीरे कम होने लगा और लोगों ने कुछ राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से स्थायी समाधान और जल निकासी व्यवस्था को दुरूस्त करने की मांग की है। साथ ही वार्ड में फैली गंदगी और जल जमाव के कारण बीमारी फैलने की आशंका भी जताई जा रही है। स्थिति अभी भी सामान्य नहीं हुई है और प्रशासन की निगाहें अगले 24 घंटों तक मौसम पर टिकी हैं।



बारिश से डूबा घर।

### सामूहिक प्रयास से मिली राहत

लगातार हो रही भारी बारिश के कारण वार्ड क्रमांक 15 की एक बस्ती पूरी तरह जलमग्न हो गई थी। निचले इलाके में बसे इस मोहल्ले में बारिश का पानी घरों में घुस गया, जिससे स्थानीय निवासियों को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। हालात की गंभीरता को देखते हुए रेलवे कर्मचारी, नगर पालिका के सफाई कर्मी और स्थानीय नागरिकों ने मिलकर एक मिसाल पेश की। सभी ने मिलकर बस्ती के समीप स्थित रेलवे ट्रैक से करीब 20 फीट नीचे बनी जलनिकासी नाली की सफाई का बीड़ा उठाया। नाली में जमी हुई मिट्टी, कचरा और जल प्रवाह को रोकने वाले अवरोधों को हटाने का कार्य पूरी तत्परता से किया गया। यह सामूहिक श्रम और जनसहभागिता का बेहतरीन उदाहरण बना। नाली की सफाई होते ही जलनिकासी की गति तेज हुई और कुछ ही घंटों में बस्ती से पानी का स्तर गिरना शुरू हो गया। अब पानी धीरे-धीरे बाहर निकल रहा है और स्थिति में नजर आने योग्य सुधार हुआ है। स्थानीय लोगों ने राहत की सांस लेते हुए रेलवे, नगर पालिका और सभी स्वेच्छा से कार्य करने वालों का आभार व्यक्त किया। साथ ही नागरिकों ने प्रशासन से अपील किया कि इस समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि हर वर्ष बारिश में ऐसी विकट स्थिति का सामना न करना पड़े।



रेस्क्यू करती टीम।



सुरक्षित जगह दिया गया आश्रय।

# कोरिया कालरी में बंदरों के आतंक से लोग बेहाल



**कोरिया कॉलरी।** एक समय में कौतूहल का कारण रहे बंदर अब कोरिया कॉलरी क्षेत्र के लिए बड़ी समस्या बन चुके हैं। बीते एक दशक में बंदरों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। लोग डर के साए में जीने को मजबूर हैं और अब हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि घरों की खिड़कियां और दरवाजे दिनभर बंद रखने पड़ते हैं।

■ निजात की नहीं कोई उम्मीद

स्थानीय निवासियों के अनुसार बंदर न केवल घरों में घुसकर खाने-पीने की चीजें उठा ले जाते हैं, बल्कि फ्रीज खोलकर सामान निकालना, छतों की सीटें तोड़ना, होटल-ढाबों में घुसकर उत्पात मचाना और राहगीरों से सामान छीनना आम बात हो गई है। खासकर छोटे बच्चे डर के माहौल में जी रहे हैं। कई स्थानों पर बंदरों के झुंड ने छप्पर और टिन शेड को नुकसान पहुंचाया है। बंदरों को वन्य प्राणी घोषित किया गया है, लेकिन शहरी क्षेत्र में उनके लगातार बढ़ते आतंक से निपटने के लिए वन विभाग के पास कोई कारगर योजना नहीं है। न कोई पुर्नवास नीति है और न ही पकड़ने के प्रयास। प्रशासनिक उदासीनता के कारण आमजन त्रस्त है और कई लोग पलायन तक की सोचने लगे हैं। स्थानीय लोगों की मांग है कि बंदरों के बढ़ते उत्पात को देखते हुए वन विभाग और नगर प्रशासन को मिलकर तत्काल कोई समाधान निकालना चाहिए। अन्यथा आने वाले समय में हालात और भी भयावह हो सकते हैं।

### वाहन की टक्कर से गंभीर महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** बतौली थाना अंतर्गत ग्राम करदना निवासी मतिया एक्का पति स्व. बीरबल एक्का 23 जुलाई की दोपहर लगभग 3 बजे ग्राम करदना से अपनी बेटी के यहां पैदल ग्राम देवरी डुमरपारा जा रही थी। जैसे ही ग्राम झरगवां के समीप पहुंची तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार फरार हो गया। दुर्घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल महिला को शांति पारा अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पुत्र जयराम एक्का ने थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया है।

# आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

जिले में 27 जुलाई को आयोजित होने वाली छग व्यवसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) की आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

■ 8 परीक्षा केन्द्रामें 2 हजार से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

इस संबंध में शुक्रवार को जिला सभा कक्ष में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में परीक्षा से जुड़े सभी पर्यवेक्षकों और उड़नदस्ता दल के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने व्यापमं के दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए कहा कि परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए जिले में 8 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इन केन्द्रों पर 2042 परीक्षार्थी परीक्षा में ▶▶ शेष पेज 4 पर

### इन शिक्षण संस्थान में परीक्षा केन्द्र

शासकीय विवेकानंद पीजी कॉलेज मनेन्द्रगढ़, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ (ई), शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ (टी), शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालपुर, यूनिवर्सल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल मनेन्द्रगढ़, सरस्वती शिशु मंदिर झगराखांड रोड मनेन्द्रगढ़ और सरस्वती विकास विद्यालय मनेन्द्रगढ़ होगा।

### ड्रेस कोड और निषेध सामग्री

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बांह के कपड़े और चप्पल पहनकर आएं। कान में किसी भी प्रकार के आभूषण प्रतिबंधित रहेंगे। परीक्षा कक्ष में मोबाइल, घड़ी, पर्स, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि लाना पूरी तरह निषेध है। धार्मिक पोशाक पहनने वाले अभ्यर्थियों को समय से पहले रिपोर्ट करना होगा और अतिरिक्त जांच उपरांत ही प्रवेश मिलेगा।

### रंजिश को लेकर ग्रामीण से मारपीट, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** घर के सामने बैठे ग्रामीण को गांव के ही एक परिवार के सदस्यों पुरानी रंजिश को लेकर जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम परशुरामपुर निवासी बाबूलाल अगरिया गुरुवार की शाम घर के सामने बैठा था। इसी दौरान गांव के ही सुखसाय अपने पुत्र संजय व दामाद के साथ पहुंचा और पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करने लगा। जब बाबूलाल ने गाली देने से मना किया तो तीनों ने मिलकर उसकी बेदम पिटाई कर दी। इधर घटना को देख गांव के लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित बाबूलाल ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है।

### पलटा गिट्टी लोड वाहन, तीन घंटे एनएच रहा बंद

**बलरामपुर।** शुक्रवार को एनएच 343 पर गिट्टी लोड ट्रक के बीच सड़क पर पलट जाने से राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन बंद हो गया। इस दौरान तीन घंटे से अधिक समय तक राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित रहा। आवागमन बंद होने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची हाइवे पेट्रोलिंग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आवागमन शुरू कराया। बताया जा रहा है कि हाईवा वाहन क्रं. सीजी 30 एफ 5617 अंबिकापुर की तरफ से गिट्टी लोड़कर रामानुजगंज की तरफ जा रहा था। इस दौरान दोपहर 12 बजे एनएच 343 पर सेमरसोत और पस्ता के बीच जर्जर सड़क और तेज रफ्तार के कारण वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। वाहन के पलटने के बाद ट्राला में लोड गिट्टी बीच एनएच पर फैल गया जिससे मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। सडक पर बंद होने की जानकारी लोगों ने पुलिस व हाईवे पेट्रोलिंग को दी।

## स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया शैक्षणिक कैलेण्डर

# अब शनिवार को स्कूल सामान्य दिनों की तरह होगा संचालित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा सत्र शुरू होने के एक माह बाद शैक्षणिक कैलेण्डर जारी किया, इसके अनुसार अब शनिवार को स्कूल संचालन सुबह के समय को बंद कर सामान्य दिनों की तरह 10 बजे स्कूलों का संचालन होगा। कई सालों बाद स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शनिवार के दिन स्कूल संचालन के समय को परिवर्तित किया।


जानकारी के अनुसार विगत कई वर्षो से शनिवार को सुबह 7:30 से पूर्वान्ह 11: 30 बजे तक स्कूलों का संचालन का समय चल रहा था,लेकिन कई वर्षो बाद शनिवार के दिन स्कूल संचालन के समय में बदलाव कर सामान्य दिनों की तरह अब 10 से अपरान्ह 4 बजे तक स्कूलों का संचालन होगा। वहीं माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को बैगलेश डे रहेगा। प्रथम और तृतीय शनिवार को सामान्य दिनों की तरह ही कक्षाएं संचालित होगी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक कैंलेडर के बाद अब प्रत्येक शनिवार को सप्ताह के अन्य सामान्य दिनों की तरह स्कूलों का संचालन किया जाएगा। लोक शिक्षण ▶▶ शेष पेज 4 पर



फाइल फोटो

### खेल का कालखंड निर्धारित

चालू शिक्षा सत्र में योग व्यायाम एवं खेल गतिविधियों के लिए भी कालखंड निर्धारित कर दिया गया है, जबकि बीते शिक्षा सत्र में खेल का कोई अलग से कालखंड नहीं बना था। जानकारी के अनुसार चालू शिक्षा सत्र में अपरान्ह 3:10 से 4 बजे तक 50 मिनट का योग, व्यायाम एवं खेल के लिए कालखंड निर्धारित किया गया है। इसके पूर्व के सत्र में यह व्यवस्था नहीं थी। स्कूल संचालन समय में ही खेल के लिए बच्चों को समय दिया जाता था, जबकि खेल गतिविधियों के लिए खेलगढ़िया योजना के तहत स्कूलों को खेल सामग्री प्रदान की जाती थी, लेकिन खेल का कोई कालखंड ही नहीं था।



## खबर संक्षेप

### निविदा निरस्त करने को लेकर पार्षद ने ननि आयुक्त को भेजा नोटिस

अंबिकापुर। नगर निगम में तकनीकी कारणों का हवाला देकर 3.34 लाख के कार्यों की निविदा को निरस्त करने का मामला शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। अब इस मामले में नगर निगम के पार्षद शुभम जायसवाल ने अधिवक्ता के माध्यम से ननि आयुक्त को कानूनी नोटिस भेजा है और निविदा निरस्त करने का जवाब मांगा है। ननि के वार्ड क्रमांक 19 के पार्षद शुभम जायसवाल अधिवक्ता संतोष सिंह के माध्यम से नगर निगम आयुक्त को कानूनी नोटिस जारी किया है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्यो के लिए बुलाई गई निविदा को निर्धारित तिथि को खोलने या तीन दिन के भीतर निविदा निरस्त करने का स्पष्ट कारण न बताने बताने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। नोटिस में कहा गया है कि निगम ने तीन करोड़ 3 करोड़ 34 लाख 77 हजार कामो की निविदा आमंत्रित की थी। निविदा की शर्तों के अनुसार निविदा फार्म बेचकर निगम ने 6 लाख 81 हजार की आय अर्जित की। 23 जुलाई को निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि थी। बिना किसी कारण के राजनीतिक दबाव में 22 जुलाई को निविदा निरस्त कर दिया गया। अम्बिकापुर नगर निगम क्षेत्र में सीसी रोड, नाली और सड़क मरम्मत का काम जनहित में किया जाना अत्यंत आवश्यक था जिससे नागरिकों की आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। निविदा खोलने की अंतिम तिथि 25 जुलाई निर्धारित है इसलिए तय तारीख को निविदा खोलकर आगामी कार्यवाही करने नही करने की स्थिति में न्यायालयीन कार्यवाही करने की बात कही है।

### सड़क पर घूम रहे आवारा पशुओं से छुटकारा दिलाने एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन



सूरजपुर। शहर की सड़कों पर आवारा पशुओं के जमा होने की समस्या काफी बढ़ती जा रही है जिससे आए दिन हो रही दुर्घटनाओं तथा आवारा मवेशियों से हो रही है परेशानी से निजात दिलाने की मांग को लेकर एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। सौपे गए ज्ञापन में एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष आकाश साहू ने बताया कि शहर की सड़कों पर घूम रहे आवारा पशु जिले में वर्तमान में एक बहुत बड़ी समस्या बन गई है। पशु मालिकों द्वारा जो पशु कृषि उपयोगी नहीं है या दूध नहीं देती है उन्हें रोड में आवारा स्थिति में छोड़ दिया जाता है जिससे एनएच 43 एवं अन्य प्रमुख मार्गो में झुंड बनाकर खड़े रहते है या बैठे रहते है। ऐसे में आवागमन पूरी तरह से बाधित होता ही है साथ ही आये दिन दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। संबंधित विभाग, नगर पालिका, नगर पंचायत, पशु विभाग एवं अन्य कोई संस्थान इस ओर कोई ध्यान नहीं देते है। कई बार शिकायतों के बावजूद भी स्थिति ज्यों की त्यों बनी है। पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा लगभग प्रत्येक ग्राम पंचायतों में गौठान बनवाया गया है लेकिन उसके पश्चात भी उन गौठानों का कोई उपयोग नहीं किया जा रहा है। गौठानों की स्थिति भी दयनीय हो गई है। एनएसयूआई ने इस दिशा में ठोस एवं सकारात्मक कदम उठाने की मांग की है। इस दौरान एनएसयूआई के रुद्र प्रताप सिंह, शिवम साहू, प्रदेश सहसचिव लिवनेश सिंह, रेहान, विष्णु साहू, सोमू खान एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आयुष विभाग ने शिविर में किया मरीजों का उपचार




सीतापुर। स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने बाजारडांड में विकासखण्ड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नगर समेत क्षेत्र से आए कुल 356 मरीजों का उपचार एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस संबंध में शिविर प्रभारी डॉ. एए अंसारी ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। खान पान एवं रहन सहन में बदलाव लाकर कैसे अपने आप को स्वस्थ रख सके इस बारे में लोगों को जानकारी दी गई। इस दौरान शिविर में आए मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवा वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ. आशा टोप्पो, डॉ. गुणनिधि सिंह, डॉ. संतोष टोप्पो, डॉ. मनीषा कंवर, फार्मासिस्ट भानु सिदार, सुनीता एक्का, एचएन साहू, एसके श्रीवास, राजेश कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### पैथोलॉजी विभाग में संचालित है हिस्टोपैथोलॉजी लैब

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हो रही बायप्सी जांच, छह महीने में मिले 101 कैंसर मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- सरगुजा में लागातार बढ़ रहे कैंसर के मरीज

मेडिकल कॉलेज अस्पताल का हिस्टोपैथोलॉजी लैब अब कारगर साबित हो रहा है। पैथोलॉजी विभाग के अंतर्गत संचालित हिस्टोपैथोलॉजी में बड़े बायप्सी टेस्ट कि सुविधा उपलब्ध होने के बाद से लोगों को बड़ी सुविधा मिल गई है। अब लोगों को इस गंभीर बीमारी की जांच के लिए बाहर जाने और मोटी रकम खर्च करने कि आवश्यकता नहीं पड़ रही है।हिस्टोपैथोलॉजी लैब में महज छह महीने में ही 101 मरीजों में कैंसर की पुष्टि होने के बाद उनका उपचार शुरू हो पाया है।

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना 2016 में की गई और वर्ष 2019 में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पैथोलॉजी विभाग में हिस्टोपैथोलॉजी लैब की स्थापना कर दी गई थी। इस लैब की स्थापना होने के बाद अब अस्पताल में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की जांच संभव हो पाई है और मरीजों को अब इस जानलेवा बीमारी की जांच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता है। हिस्टोपैथोलॉजी लैब में बायप्सी टेस्ट के जरिए कैंसर का पता लगाया जाता है। बड़ी बात यह है की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इस जांच कि सुविधा महज 150 रूपए में हो जाती है जबकि इसी जांच के लिए निजी अस्पताल में 12 से 15 सौ रुपए तक लग जाते है। इसमें भी राशि का निर्धारण बायप्सी हेतु लिए गए टिशु के आधार पर किया जाता है। आंकड़ों पर नजर डाले तो हिस्टोपैथोलॉजी लैब में लगातार कैंसर के मरीजों के सैम्पल आ रहे है और उनमें कैंसर कि पुष्टि हो रही है। वर्ष 2024 में हिस्टोपैथोलॉजी लैब में 1272 सैम्पल कि जांच में 196 सैम्पल में कैंसर की पुष्टि हुई है जबकि वर्स 2025 में अब तक 886 सैम्पल कि जांच में 101 मरीजों की पुष्टि हो चुकी है।



लैब में जांच करते चिकित्सक।

#### पांच प्रक्रियाओं से होती है बायप्सी जांच

विशेषज्ञ चिकित्सकों के अनुसार हिस्टोपैथोलॉजी लैब में बायप्सी की जांच 5 प्रक्रियाओं से होकर गुजरती है। इसमें सबसे पहले सैम्पल की ग्रोसिंग की जाती है। ग्रोसिंग के दौरान सैंपल की नग्न आंखों से ही जांच कर यह तय किया जाता है की सैम्पल के किस हिस्से की जांच की जाती है। यहां से सैंपल के टिशु को प्रोसेस किया जाता है फिर माइक्रो टोम में सेक्शन काटा जाता है और फिर इसकी स्टेनिंग कर स्लाइड तैयार किया जाता है। तैयार किए गए स्लाइड में कैंसर टिशु की जांच माइक्रोस्कोप के जरिए की जाती है। बड़ी बात यह है कि हिस्टोपैथोलॉजी लैब में जिस माइक्रो स्कोप का उपयोग किया जाता है उसमें किसी भी टिशू के आकार को 1 हजार गुना तक बढाने की क्षमता है।

#### एक हफ्ते में मिलती है रिपोर्ट

हमारे यहां पैथोलॉजी विभाग में हिस्टोपैथोलॉजी लैब संचालित है। इस लैब में बायप्सी जांच की सुविधा उपलब्ध है। इस लैब में नियमित रूप से जांच चल रही है। जांच की रिपोर्ट एक सप्ताह में उपलब्ध हो जाती जिससे कई मरीजों को राहत मिली है।

-डॉ. आरसी आर्या, अधीक्षक

### नकना में दो हाथियों के आने से ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग कर रहा सचेत

**बतौली/सेदम।** बतौली के ग्राम नकना जंगल में दो हाथियों के आ जाने से ग्रामीणों में दहशत है। दोनों हाथी फिलहाल जोबलापारा जंगल में है। इधर वन विभाग ग्रामीणों को हाथी की सूचना व सतर्कता के साथ रहने समझाइश दिया जा रहा है। बतौली क्षेत्र में हाथियों का विचरण लगातार किया जा रहा है जो कभी बतौली सीमा क्षेत्र तो कभी बतौली से सटे जशपुर के सीमा क्षेत्रों में विचरण करते रहते है। आज बतौली के दूरस्थ ग्राम पंचायत नकना के जोबला पारा जंगल में दो हाथी पहुंच गए। बताया जा रहा है कि दोनों हाथी जशपुर क्षेत्र से आए है। इधर हाथियों के जोबलापारा जंगल में डटे रहने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हालांकि वन विभाग की टीम मुस्तैद होकर ग्रामीण को रात के समये बाहर नहीं निकले की समझाइश दे रहे है। साथ ही जंगल में जाने से भी मना कर रहे है।

### एक हजार रुपए में मोबाइल से तैयार कर दिया फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र

**अंबिकापुर।** पुलिस ने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने वाले आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपी ने महज एक हजार रुपए में फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बना दिया जिसका उपयोग कर जालसाजों ने लोन के एवज में इंश्योरेंस की राशि हड़प ली। धौरपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जोरी निवासी धनीराम कि पत्नी लालो बाई ने वर्ष 2021 में स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड कि शाखा शंकरगढ़ से 72 हजार रुपए का लोन लिया था और महिला समय पर लोन की किश्त भी जमा कर रही थी। इस दौरान फाइनेंस कंपनी के ब्रांच मैनेजर सुरेश कुमार खांडे व कर्मचारी संजय कुमार साहू ने साजिश के तहत लोन में नामित व्यक्ति महिला की पत्नी धनीराम का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र लगाकर लोन बंद करवा दिया और लोन खाते में प्राप्त हुई इंश्योरेंस की रकम 18 हजार रुपए को महिला लालो बाई को झूल बोलकर आहरित कर लिया था। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद धनीराम ने 29 सितम्बर 2024 को पुलिस से शिकायत की थी। पुलिस ने मामले में स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के ब्रांच मैनेजर सुरेश कुमार खांडे एवं अन्य कर्मचारी संजय कुमार साहू को गिरफ्तार किया था। दौरान ही आरोपियों ने पुलिस को बताया था कि उन्होंने झारखंड के गढ़वा अंतर्गत रंका निवासी कंचन विश्वकर्मा को 1 हजार रुपए देकर फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाया था और उसी फर्जी प्रमाण पत्र को लोन आईडी में समायोजित कर लोन बंद कराया और बीमा की राशि हड़प ली। पुलिस ने इस मामले में फरार चल रहे आरोपी रंका तमगेकला निवासी 24 वर्षीय कंचन विश्वकर्मा आ. मनोज विश्वकर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने मोबाइल फोन से फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने की बात स्वीकार की। आरोपी ने मोबाइल फोन में मृत्यु प्रमाण पत्र को एडिट कर 1 हजार रुपए में अपने दोस्त को बेच दिया था। इस मामले में पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोबाइल को जब्त करने के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।





# नेशनल किक बॉक्सिंग में सरगुजा ने 2 स्वर्ण समेत जीते चार पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रायपुर में आयोजित सीनियर नेशनल किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सरगुजा के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चार पदक हासिल किया है। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में 2 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक जीता है।

बता दें कि रायपुर में 16 से 20 जुलाई तक सीनियर नेशनल किक बॉक्सिंग चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया था। वाको इंडिया और किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित प्रतियोगिता में देशभर के 12 सौ खिलाड़ियों ने हिस्स लिया। इस प्रतियोगिता में 56 किलोग्राम वर्ग में स्वाति रजवाड़े व 51 किलोग्राम वर्ग में सरवर एक्का ने स्वर्ण पदक हासिल किया है जबकि 48 किलोग्राम वर्ग में संजना मिंज व 40 किलोग्राम वर्ग में प्रीती पैकरा ने कांस्य पदक जीता है। खिलाड़ियों की इस सफलता पर सरगुजा जिला किकबॉक्सिंग संघ के पदाधिकारियों और जिलेवासियों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी है।

### राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता में सरगुजा से आयुष्मान शबनम व माही का राज्य की टीम में चयन

राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ की टीम में सरगुजा के तीन खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ी यूपी ने आयोजित नेशनल चैम्पियनशिप में शामिल होंगी। 14 वीं सेन्ट्रल जोन नेशनल नेटबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन 26 से 28 जुलाई तक उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में हो रहा है। इस प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ की टीम शामिल हो रही है और प्रदेश की टीम में सरगुजा नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ सरगुजा से बालक वर्ग से आयुष्मान यादव एवं बालिका में माही मंसूरी, शबनम नाज का चयन हुआ है। दोनों बालिका शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंबिकापुर की छात्रा हैं। खिलाड़ी नियमित रूप से गांधी स्टेडियम के बास्केटबॉल ग्राउंड में अभ्यास करते हैं। सरगुजा नेटबॉल खिलाड़ी लगातार जिले व राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। सरगुजा जिला से चयनित तीनों खिलाड़ियों को नेटबॉल संघ के सचिव रजत सिंह, सौरभ सिन्हा, गौरव सिंह, केपी सिंह, निशांत सिंह गोल्डी, खुशबू गुप्ता के साथ जिला नेटबाल संघ परिवार व सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



# नशीली टेबलेट और कफ सीरप के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

बसदेई पुलिस चौकी क्षेत्र में गश्त कर रहे आबकारी टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने मुखबिर की सूचना पर घर से नशीली टेबलेट व कफ सीरप बिक्री कर रहे युवक को पकड़ा। टीम ने युवक के घर से बड़ी मात्रा में नशीली टेबलेट व कफ सिरप जब्त किया। टीम ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया गया है।

प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक प्रदीप वर्मा की टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिला कि चौकी बसदेई सिरसी निवासी धर्मेंद्र कुशवाहा अपने घर में भारी मात्रा में नशीला टैबलेट और कफ सिरप रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर टीम ने धर्मेंद्र कुशवाहा के घर दबिश देकर तलाशी ली तो घर से 40 नग कफ सिरप, व 1 हजार 76 नग नशीले टैबलेट जब्त किया। टीम ने नशीला टेबलेट व कफ सीरप को जब्त कर आरोपी धर्मेंद्र कुशवाहा गिरफ्तार कर लिया। टीम ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 (सी) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई प्रदीप वर्मा आबकारी उप निरीक्षक द्वारा की गई। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वीरेंद्र रात्रे, पारसनाथ गुप्ता, कृष्णा कुशवाहा, मेवालाल सोनवानी, आरक्षक कमलेश्वर राजवाडे, महिला नगर सैनिक बिंदु राजवाडे, नगर सैनिक राकेश कुशवाहा सक्रिय रहे।



# एसईसीएल के सूने आवास को चोरों ने फिर बनाया निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- जेएमक्यू कालोनी स्थित आवास से नगदी समेत जेवरात हुए पार
- ताला लगे हुए क्वार्टरों की हो रही सटीक रेकी

सटीक रेकी करने पश्चात अज्ञात बदमाशों ने फिर से सूने कम्पनी आवास में घुसकर हाथ साफ कर दिया है, इस बार अज्ञात चोरों ने जेएमक्यू कालोनी में धावा बोलकर नगदी समेत जेवरात को पार कर दिया है।

पुलिस ने बताया कि एसईसीएल आवासीय जेएमक्यू क्वार्टर नंबर 46 निवासी अरविंद सिंह पिता स्व. बृजमोहन सिंह गत दिनों 19 जुलाई को परिवार समेत अपने पुत्र के पास मनेंद्रगढ़ मिलने गए हुए थे। इसी दौरान 24 जुलाई को पड़ोसियों ने क्वार्टर के दरवाजे का ताला टूटे होने पर चोरी की आशंका जताते हुए मोबाइल पर प्रार्थी अरविंद सिंह को सूचना दी। सूचना पर प्रार्थी ने यहां आकर देखा तो पाया कि अज्ञात चोरों ने सूने मकान में प्रवेश कर अलमारी में रखे करीब पांच हजार रुपए नगदी समेत सोने का मंगलसूत्र, सोने का कान का टॉप्स 1 सेट व अन्य सामानों को चोरी कर ली है।प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# मगरिहा नाला में बही बच्ची का नहीं चल पाया पता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- रोका गया तलाशी अभियान

अपने तीन माह की दूधमुंही बच्ची को लेकर मगरीहा नाला पार कर रही महिला की गोद से तेज लहरों में जा गिरीमासूम बच्ची का आज नौ दिन गुजरने बाद भी कुछ पता नहीं चल पाया है। दो बार चले रेस्क्यू अभियान के बाद अब रेस्क्यू ऑपरेशन को बंद कर दिया गया है।

गौरतलब है कि ग्राम गेतरा निवासी सरिता नामक महिला अपने तीन माह की बच्ची को लेकर बुधवार 17 जुलाई को मगरीहा नाला पार कर रही थी, इस दौरान उफान भरी तेज बहाव लहरों में महिला का पैर अचानक पानी में लड़खड़ाया और फिर उसके गोद में पड़ी तीन माह की बच्ची लहरों में समा गई। घटना की सूचना पर जिला नगर सेना की डीडीआरएफ टीम मौके पर पहुंच पूरे दिन नवजात को खोजने तलाशी अभियान चलाया लेकिन कहीं पता नहीं चलने व अंधेरा हो जाने के बाद तलाशी अभियान रोकना पड़ा, इसके बाद पुनः दूसरे दिवस तलाशी अभियान चला लेकिन फिर भी बच्ची का पता नहीं चल पाया, उक्त तलाशी अभियान में लगी टीम नाला के बहाव स्थल और नदी को जोड़ने वाले स्थान तक पता तलाश की।दो दिन के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद अब तलाशी रोक दी गई है।कुछ समय के लिए बारिश रुकने के बाद नदी नालों का जलस्तर भी घटा लेकिन आज पर्यंत बच्ची का शव बरामद नहीं किया जा सका है।

### स्थानांतरित प्राचार्य को यथावत रखने की मांग लेकर छात्र कर रहे आंदोलन

**भैयाथान।** पंडित रविशंकर त्रिपाठी महाविद्यालय के छात्र नए प्राचार्य की पदस्थापना को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य रंजीत कुमार सातपुते का स्थानांतरण होने के बाद सीबी मिश्रा को नया प्राचार्य पदस्थ किया गया है। नए प्राचार्य का नाम सुनते ही महाविद्यालय के छात्र विरोध में धरना पर है। तीन वर्ष पूर्व श्री मिश्रा महाविद्यालय के प्राचार्य थे। छात्रों का आरोप है कि इस दौरान शिक्षा का स्तर काफी खराब हो गया था तथा 71 में से 70 छात्र फेल हो गए थे। महाविद्यालय की किरकिरी होने के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने उन्हें हटाकर रंजीत कुमार सातपुते को प्राचार्य बनाया था। गुरूवार को महाविद्यालय के छात्रों ने एसडीएम सागर सिंह को प्राचार्य को यथावत करने की मांग लेकर ज्ञापन सौंपा है। छात्रों ने बताया कि श्री मिश्रा के कार्यकाल के दौरान लगातार शिकायतें हो रही थी। छात्रों से दुर्व्यवहार करने की शिकायत पर उनका स्थानांतरण किया गया था।



# संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए विधायक




हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

शुक्रवार को गणेशपुर पुहपुटरा अमेरा संकुल केंद्र में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। शाला प्रवेश उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजेश अग्रवाल शामिल हुए। अतिथियों नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर व मुंह मीठा कराकर शाला प्रवेश कराया। नवप्रवेशी बच्चों को पुस्तक और गणवेश का वितरण किया गया।

इस दौरान विधायक श्री अग्रवाल ने कहा कि स्कूली बच्चे मोबाइल का समय पर उपयोग करें और अपनी दिनचर्या में खेलकूद और योगाभ्यास अपनाए। बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने स्कूल के शिक्षक शिक्षकों से कहा कि स्कूल की छुट्टी होने से पूर्व स्कूली बच्चों को योगाभ्यास पीटीआई सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य गतिविधियां कराई जाए जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास हो सके। कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष श्रीमती शशि कला सिंह, जनपद उपाध्यक्ष कामेश्वर राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी ने संबोधित किया। इस दौरान नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा सनी बंसल, विधायक प्रतिनिधि राकेश अग्रवाल, मंडल महामंत्री विक्रम सिंह, बीईओ देव प्रसाद गुप्ता, एबीईओ मनोज तिवारी, बीआरसी दीपेश पांडे, घरबरन राजवाड़े, सूरज राजवाड़े, इंद्रजीत राजवाड़े, प्रदीप सिंह, अनिल राजवाड़े, मुकेश ठाकुर, कृपा शंकर राजवाड़े, नरेंद्र राजवाड़े, रविंद्र सेन, संस्था प्रमुख एमएस पैकरा, इलियास खलखो, सुमेधा तिवारी, संकुल समन्वयक संकेत गिरी, अस्मत अली, परशुराम सिंह, विशंभर सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### शहर सहित आसपास क्षेत्रों में खपाते हैं इमारती लकड़ी

# बतौली क्षेत्र में एक बार फिर सक्रिय हुए उत्तर प्रदेश के लकड़ी तस्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

बतौली क्षेत्र में कीमती इमारती लकड़ी की तस्करी थमने का नाम नहीं ले रहा। आलम यह कि क्षेत्र के जंगलों से बड़ी संख्या में इमारती लकड़ी आसपास के क्षेत्र सहित दूसरे राज्यों में खपाया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि घटना की जानकारी वन विभाग सहित राजस्व विभाग को नहीं है बावजूद इसके कार्रवाई के अभाव में लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद हो गए है। हालांकि पिछले माह वन विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने न सिर्फ कार्रवाई की बल्कि तीन ट्रैक्टर अवैध लकड़ी को जब्त किया था। लेकिन पुलिस विभाग में फेरबदल होने के बाद अब क्षेत्र में एक बार फिर लकड़ी तस्कर सक्रिय हो गए है जो विभागीय साठ गांठ से हर रोज भरी बरसात में रात्रि के समय ट्रक में लदे इमरती लकड़ी उत्तरप्रदेश भेजे जा रहे है। जिले के जंगलों से लम्बे समय से लकड़ी की तस्करी की जा रही है जो आज भी बदस्तूर जारी है। बतौली, लुण्ड्रा, सीतापुर क्षेत्र से सेमर, नीलगिरी पेड़ो की कटाई कर लकड़ियों का तस्करी लगातार कर रहे है। ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों से खसरा ,बी वन निकलवा उनके इमरती लकड़ी को कौड़ी के भाव खरीद कर तस्कर अपनी जेबे गरम करने में लगे हुए है। तस्कर इतने शातिर है कि खुद तो सामने कम आते है परंतु गांव के लोगों को कुछ घंटों में मोटी राशि कमाने का झांसा देकर काम पर लगा देते है।



#### दूसरे राज्यों में खपा रहे लकड़ी

जिले से लकड़ी तस्कर बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में हरे भरे पेड़ों को बिना अनुमति काटकर बड़े पैमाने पर तस्करी कर रहे हैं। इस कार्य को कुछ स्थानीय लोग भी शामिल है। लकड़ी तस्कर द्वारा शासकीय एवं निजी भूमि में लगे हरे-भरे बड़े-बड़े यूकेलिप्टिस व सेमर सहित अन्य प्रजाति के पेड़ों को प्रशासन के बिना अनुमति काटे जा रहे हैं। सूत्रों की माने तो इन लकड़ियों के आड़ में इमारती लकड़ियों की तस्करी भी बृहद पैमाने पर हो रही है।

#### अवैध कटाई को रोका जाएगा

क्षेत्र में हो रहे अवैध पेड़ो की कटाई को रोका जाएगा। साथ ही लकड़ी तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करवाया जाएगा।

-देवनाथ सिंह
भाजपा जिला महामंत्री

#### की जाएगी कार्रवाई

क्षेत्र से अवैध लकड़ी की तस्करी की जा रही है तो तत्काल टीम भेज कर जांच कराई जाएगी। जांच उपरांत दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-तारा सिदार, तहसीलदार बतौली



## वॉर 2 का ट्रेलर रिलीज, ऋतिक और जूनियर एनटीआर के बीच दिखी टक्कर

**मुंबई।** दर्शकों का इंतजार खत्म हुआ और ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वॉर 2' का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हो गया। ट्रेलर ऋतिक और जूनियर एनटीआर के बीच जबरदस्त क्लैश देखने को मिली, जो ये सबूत देती है कि फिल्म में दोनों के बीच हाई लेवल एक्शन देखने को मिलेगा। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही अब सोशल मीडिया पर भी छा गया है। अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित 'वॉर 2' स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पहले 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। ट्रेलर की शुरुआत होती है ऋतिक रोशन के वॉइस ओवर और उनके इंटेंस लुक के साथ। चेहरे पर हल्का सा खून लगे ऋतिक एक भेड़िये के साथ नजर आते हैं। साथ में उनका वॉइस ओवर है जिसमें वो अपनी शपथ को दोहराते हैं। इसमें ऋतिक कहते हैं 'मैं शपथ लेता हूं कि मैं अपना नाम, अपनी पहचान, अपना घर-परिवार सब त्यागकर एक गुमनाम, बेनाम अनजान साया बन जाऊंगा।' इसके बाद दिखते हैं जूनियर एनटीआर और इसी तरह की एक शपथ जूनियर एनटीआर भी दोहराते हैं।

लाइफ Style



# किआरा

## बिकिनी अवतार में फिर मचाई धूम

एजेंसी ⏭ मुंबई

किआरा आडवाणी की झलक पहले ही 'वॉर 2' के टीजर में दिखाई जा चुकी है। कुछ सैकेंड्स की किआरा की झलक ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया था। वहीं शुक्रवार को वॉर 2 के ट्रेलर में उनका बिकिनी लुक एक बार फिर से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस साल की शुरुआत में जब वॉर 2 का टीजर रिलीज हुआ, तो किआरा आडवाणी के शानदार लुक ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया।

शुक्रवार को फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने पर प्रशंसकों ने किआरा के दमदार अवतार की जमकर तारीफ की। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ-साथ किआरा के एक्शन सीन और आकर्षक लुक ने सबका ध्यान खींचा। हाल ही में मां बनीं किआरा वॉर 2 के ट्रेलर में बिकिनी में अपनी टोन्ड बॉडी और आत्मविश्वास के साथ नजर आईं। उनका यह लुक प्रशंसकों को बहुत पसंद आया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उनके स्क्रीनशॉट वायरल हो गए।

कुछ लोग उन्हें 'सबसे हॉट' बता रहे हैं, तो कुछ का कहना है कि उनका एक्शन से भरा किरदार सभी को हैरान कर देगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फैशन स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया ने किआरा का लुक डिजाइन किया है। उन्होंने बताया कि किआरा का बिकिनी लुक एक खास रंग में है - न हरा, न पीला, बल्कि इनके बीच का एक अनोखा रंग जो सभी को आकर्षित करता है। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी वार यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स की छठी फिल्म है, जो 2019 की सुपरहिट फिल्म वॉर की अगली कड़ी है। यह एक एक्शन फिल्म है। फिल्म की रिलीज को लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। । ट्रेलर में किआरा आडवाणी भी जबरदस्त एक्शन करती नजर आई हैं। बंदूक चलाने से लेकर फाइट करने तक किआरा का दमदार अंदाज देखने को मिला है।

### हॉलीवुड मसाला



## भारत में ये फिल्म 17 हफ्ते रही हाउसफुल

**नई दिल्ली।** 31 साल पहले जब स्टीवन स्पीलबर्ग की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'जुरासिक पार्क' भारत में रिलीज हुई, तो इसने दर्शकों के बीच ऐसा जादू बिखेरा कि सिनेमाघरों में हाउसफुल का रिकॉर्ड टूट गया। साल 1994 में मुंबई के स्टर्लिंग थिएटर में इस फिल्म की रिलीज के दौरान लंबी-लंबी कतारें देखी गईं, जो वीटी स्टेशन तक फैली हुई थीं। यह फिल्म लगातार 17 हफ्तों तक हाउसफुल रही और कुल 25 हफ्तों तक सिनेमाघरों में चलती रही। जुरासिक पार्क की इस शानदार सफलता ने न केवल भारत में हॉलीवुड फिल्मों की लोकप्रियता को बढ़ावा दिया, बल्कि यह यूनिवर्सल पिक्चर्स की भारत के साथ पहली बड़ी साझेदारी भी थी।



## हैली बीबर को हुआ था मौत के करीब होने का एहसास

**लॉस एंजिल्स।** देश-दुनिया में अपने गानों और पर्सनल लाइफ के लिए फेमस जस्टिन बीबर की वाइफ हैली बीबर ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। दोनों के घर पिछले साल बेटे का जन्म हुआ था। उसका नाम जैक ब्लूज रखा था। अब हैली ने बताया कि कैसे बेटे की डिलीवरी उनके लिए मौत के करीब का अनुभव था। उनका एम्नियोटिक फ्लूड ड्यू डेट से पहले ही लीक हो गया था और बेटे को जन्म देने के बाद भी लगातार ब्लीडिंग हो रही थी। हैली बीबर ने बताया कि समय से पहले एम्नियोटिक फ्लूड लीक होने के बाद उन्हें डॉक्टर के पास ले जाया गया। डॉक्टर ने ऑक्सीटोसिन का इस्तेमाल करके प्रसव पीड़ा करने का फैसला किया। उन्होंने ये भी बताया कि डॉक्टर्स ने एक 'फोली बैलून' एक कैथेटर जैसी डिवाइस उनके यूट्रस में डाल दी और गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) को फैलाने के लिए उसमें सलाइन का घोल भर दिया। सर्विक्स गर्भाशय का निचला हिस्सा होता है, जो योनि से जुड़ता है और डिलीवरी के दौरान बच्चे के बाहर निकलने का रास्ता होता है। हैली ने उस दर्दनाक पलों को याद करते हुए कहा, 'ये मेरी लाइफ की सबसे दर्दनाक घटना थी।



## इब्राहिम और काजोल की अदाकारी ने जीता दिल

**मुंबई।** बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्री काजोल, साउथ के अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन और इब्राहिम अली खान की अदाकारी वाली फिल्म सरजमीं 25 जुलाई को रिलीज हो गई है। फिल्म कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित है। एक्शन थ्रिलर फिल्म में देशभक्ति भी दिखाई गई है। फिल्म को देखने के बाद कई दर्शक इस पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने लिखा 'सरजमीं ने मुझे रुला दिया। फिल्म ने जो संदेश दिया है, इसके लिए उसकी तारीफ की जानी चाहिए। काजोल का अंत का खास दृश्य सिनेमा हॉल की सीटियों और जयकारों का हकदार है। इस किरदार को निभाने के लिए शुक्रिया। आपने एक बार फिर साबित कर दिया कि भावनाओं और गुस्से से भरी भूमिका में आप कमाल कर देती हैं। एक और दर्शक ने फिल्म में काजोल की तारीफ की है।



## भारतीय जोड़ों की जिंदगी से जुड़ी है कहानी

**मुंबई।** विजय सेतुपति और नित्या मेनन की फिल्म 'थलाइवन थलाइवी' शुक्रवार 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म को देख कर दर्शक एक्स पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने फिल्म की जमकर तारीफ की है। उन्होंने एक्स पर लिखा है 'थलाइवन थलाइवी फिल्म कुछ ही सिनेमाघरों में क्यों लगाई गई है? भारतीय जोड़ों को यह फिल्म बहुत पसंद आएगी। यह उनकी जिंदगी से जुड़ी है।' एक एक्स यूजर ने फिल्म में विजय सेतुपति की तारीफ करते हुए लिखा है 'विजय सेतुपति ने हमें मर्दाना रूढ़ियों के बजाय भरोसेमंद नायक दिया है। थलाइवन थलाइवी में उन्होंने ऐसा ही किरदार निभाया है।' एक और सोशल मीडिया यूजर ने लिखा है 'थलाइवन थलाइवी पारिवारिक दर्शकों के लिए बहुत अच्छी फिल्म है।

### टीवी मसाला



## टीआरपी लिस्ट में ये रिश्ता क्या कहलाता है ने मारी बाजी

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ हफ्तों से टॉप पोजिशन पर तारक मेहता का उल्टा चश्मा बना हुआ था, लेकिन इस हफ्ते ये रिश्ता क्या कहलाता है ने मारी बाजी है। वहीं, रुपाली गांगुली का पॉपुलर सीरियल तमाम ट्विस्ट के बावजूद पिछड़ रहा है। वह फिर से टॉप पोजिशन हासिल नहीं कर पा रहा है। 28वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में ये रिश्ता क्या कहलाता है ने टॉप पोजिशन हासिल की है। इसकी टीआरपी 2.1 की रही है। वहीं, रुपाली गांगुली का सीरियल अनुपमा 2.1 की ही टीआरपी के साथ दूसरे नंबर है। सीरियल अनुपमा में कई ट्विस्ट आ रहे हैं, मगर सीरियल पहले की तरह टॉप पोजिशन हासिल नहीं कर पा रहा है। पिछले कुछ हफ्तों से सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा टीआरपी लिस्ट में टॉप पर बना हुआ था। मगर इस हफ्ते यह टीआरपी लिस्ट में तीसरे स्थान पर है। कुछ दिन पहले इस कॉमिक शो में हॉरर एंगल शामिल किया गया, जिसे दर्शकों को काफी पसंद किया था। यह सीरियल लगभग 17 साल से टीवी पर टेलीकास्ट हो रहा है। इस हफ्ते इसकी टीआरपी 2.1 रही है।

## टीवी का वो शो जिसके डायरेक्टर ने हर आर्टिस्ट को दी थी गिफ्ट में कार

**नई दिल्ली।** 90 के दशक में कई ऐसे टीवी सीरियल्स आए, जिसने लोगों को अपना दीवाना बना दिया। यही नहीं, जब भी लोग इन सीरियल्स के एपिसोड को देखते थे, उनका हंस- हंस कर पेट में दर्द हो जाता था। ऐसे ही एक सीरियल



की हम बात कर रहे हैं, जिसके हर किरदार को लोगों ने पसंद किया। लोगों ने इस सीरियल को इस कदर पसंद किया कि डायरेक्टर को एपिसोड की संख्या बढ़ानी पड़ी। बता दें, इस शो के सफल होने पर डायरेक्टर ने अपने हर एक कलाकार को मारुति कार तोहफे में दी थी। जिस शो की हम बात कर रहे हैं, उसका नाम 'देख भाई देख' था, जो 31 साल पहले 6 मई को आया था। इसमें तीन पीढ़ियों वाले एक परिवार और उनकी परेशानियां को काफी मजेदार अंदाज में दिखाया गया था। उस समय दर्शकों को यह शो काफी पसंद आया था। उस जमाने में जब टीवी शोज पर 13 एपिसोड की सख्त पाबंदी थी. ऐसे में 'देख भाई देख' को 26 एपिसोड के साथ पेश किया गया था, जिसका एक एपिसोड हर हफ्ते दूरदर्शन पर प्रसारित होता था।

## तन्वी द ग्रेट के फ्लॉप होने से टूट गए अनुपम



**मुंबई।** अनुपम खेर तकरीबन 23 साल बाद निर्देशक की कुर्सी पर दोबारा बैठे और तन्वी द ग्रेट नाम की फिल्म लाए। फिल्म को रिलीज हुए अब एक हफ्ते का समय बीत चुका है, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई। यही नहीं लगभग 50 करोड़ रुपए के बजट से बनी यह फिल्म एक हफ्ते में बॉक्स ऑफिस पर 2 करोड़ रुपए की भी कमाई नहीं कर पाई है। अनुपम खेर इस फिल्म में निर्देशक और अभिनेता होने के साथ-साथ प्रोड्यूस भी हैं। ऐसे में फिल्म के बॉक्स ऑफिस पर सफल न हो पाने से अनुपम खेर निराश है। उनका कहना है कि वो अभी तक एक्टर्स की फीस भी नहीं दे पाए हैं। एक बातचीत में अनुपम खेर ने तन्वी द ग्रेट के बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन न कर पाने पर निराशा जताई। निर्देशक-निर्माता ने कहा कि तन्वी ने कोई जबरदस्त कलेक्शन या कुछ भी नहीं दिया है। पिछले 10 साल से सिनेमा बिजनेस की तरह हो गया है। हमें लगता है कि अगर फिल्म की कमाई अच्छी नहीं हुई तो मतलब फिल्म अच्छी नहीं है। मैं भी इस बिजनेस वर्ल्ड का हिस्सा हूं। लेकिन, जब हमने बजट बनाया वो 50 करोड़ के आस-पास हुआ। एक जेंटलमेन थे, जिन्होंने कहा कि वह 50 प्रतिशत देंगे बजट का जो कि एक बड़ा अमाउंट है। सब तैयारी हो गई और फिर शूट से 1 महीने पहले मुझे बताया गया कि वह फिल्म को फाइनेंस नहीं कर पाएंगे। अचानक फाइनेंसर के पीछे हटने से अनुपम को दूसरे स्वतंत्र फाइनेंसर पर निर्भर होना पड़ा। इसको लेकर अनुपम का कहना है कि मैंने भारत के अलावा यूएस में भी अपने कुछ दोस्तों को कॉल किया। हमारी फिल्म के 10 को-प्रोड्यूसर्स थे। यह एक तरह क्राउड फंडिंग है। मैंने उन्हें फिल्म का सिनोप्सिस भेजा और उनका फिल्म से कोई लेना-देना नहीं था। वो सभी बिजनेसमैन हैं और सिर्फ बैंक में काम करते हैं या डॉक्टर्स हैं। मैंने उन्हें कहा कि जब फिल्म रिलीज होगी तब मैं पैसे वापस कर दूंगा।

## रिलीज हुई लोककथाओं में लिपटी मर्डर मिस्ट्री

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स पर आई नई माइथोलॉजिकल सस्पेंस थ्रिलर सीरीज मंडला मर्डर आपको सीधे चरणदासपुर गांव की रहस्यमयी गलियों में ले जाती है। ये कहानी है ऐसी जगह की, जहां सदियों पुरानी लोककथाएं, खून से सनी बलि-प्रथाएं और पुलिस की तफ्तीश, सब एक ही धागे में गुथे हुए हैं। आठ एपिसोड की इस सीरीज में आपको 1950 के दशक से लेकर 2025 के मॉडर्न दौर तक टाइम-ट्रैवल पर टाइम-ट्रैवल मिलता है-और हर एपिसोड में एक नया राज सामने आता है।

**कहानी :** *गांव में एक के बाद एक खौफनाक मर्डर हो रहे हैं, हर बार लाश से कोई न कोई अंग गायब मिलता है। लोकल पुलिस परेशान है। इसी बीच दिल्ली से तेज-तर्रार सीबीआई अफसर रिया (वाणी कपूर) बुलाया जाता है, जो केस को अपने ढंग से सुलझाने की कोशिश करती है। एक सस्पेंडेड पुलिस अफसर विक्रम (वैभव गुप्ता) इसमें रिया की मदद करता है। दोनों जैसे-जैसे आगे बढ़ते हैं, केस और भी खौफनाक मोड़ लेने लगता है।*



**अभिनय :** सुरवीन चावला ने अपने किरदार में जान डाल दी है। वैभव गुप्ता की आंखों में जो गुस्सा और टूटा हुआपन दिखता है, वो दिल को छूता है। वाणी कपूर ने भी सीबीआई अफसर के रोल में अच्छा काम किया है, बस उनका ट्रैक थोड़ा अधूरा सा लगता है, लेकिन बोर नहीं करता। कहानी थोड़ी अलग है। कैमरा वर्क और लोकेशन्स जैसे कि गांव की गलियां, पुरानी हवेलियां और डरावने जंगल वाकई लाजवाब हैं। सीरीज का लुक एंड फील एकदम ग्रिपिंग है।

**कमजोरी :** कहानी में इतने पेंच हैं कि कई बार दिमाग चकरा जाता है। असली विलेन कौन है, ये समझते-समझते काफी वक्त लग जाता है। कुछ एपिसोड थोड़े स्लो लग सकते हैं, खासकर अगर आप बिंज-वॉच के मूड में हो तो धैर्य रखना जरूरी है। क्लाइमैक्स की बात करें तो वो थोड़ा हल्का-सा लगता है, मतलब शुरुआत जितनी डरावनी थी, एंडिंग उतनी दमदार नहीं है।

### कहानी ने छू लिया था लोगों के दिलों को, झटक लिए थे 49 अवॉर्ड

# 12 साल पहले सैयारा जैसा ही था इस मूवी का क्रेज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अहान पांडे और अनीत पड्डा की रोमांटिक फिल्म सैयारा का खुमार लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म दनादन नोट छाप रही है। ऐसा ही क्रेज 12 साल पहले एक फिल्म का भी था, जिसने बॉक्स ऑफिस पर अंधाधुंध कमाई की थी। अवॉर्ड जीतने के मामले में तो इतिहास ही रच दिया था। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं, उसका नाम है 'आशिकी 2'। 'आशिकी 2' एक रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा फिल्म है, जिसका डायरेक्शन मोहित सूरी ने किया है। इसमें आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर लीड किरदारों में नजर आए थे। यह एक ऐसी लव स्टोरी फिल्म है, जिसकी कहानी ने लोगों के दिलों को छू लिया था।. खास यंगस्टर्स के बीच इसका खूब क्रेज देखने को मिल था।

### बजट से सात गुना की थी कमाई

बॉक्स ऑफिस इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर की 'आशिकी 2' 15 करोड़ रुपए के बजट में बनी थी। भारत में फिल्म ने 78.64 करोड़ और दुनियाभर में 109 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। फिल्म ने वर्ल्डवाइड 7 गुना से ज्यादा कमाई की थी। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ब्लॉकबस्टर रही। आईएडीबी के मुताबिक, मोहित सूरी के डायरेक्शन में बनी 'आशिकी 2' ने टोटल 49 अवॉर्ड जीते थे। आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर की फिल्म की रेटिंग 10 में से 7.1 है। इसकी कहानी आज भी लोगों के दिलों बसी हुई है।



### सुपरहीट हुए थे गाने

जैसा क्रेज इन दिनों अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म 'सैयारा' का है, वैसे ही क्रेज साल 2013 में 'आशिकी 2' को लेकर भी देखने को मिला था। 'तुम ही हो, सुन रहा है, चाहू मैं या ना, मेरी आशिकी, बुला देना जैसे गाने सुपरहिट हुए थे। 'आशिकी 2' का क्लाइमैक्स बहुत इमोशनल कर देना वाला है।

### फिल्म की कहानी

*कहानी शुरू होती है राहुल जयकर आदित्य (रॉय कपूर) से, जो एक मशहूर सिंगर है, लेकिन अब शराब की लत के कारण उसका करियर बर्बादी की ओर है। एक दिन वह गोवा में एक छोटे से बार में आरोही (श्रद्धा कपूर) को गाना गाते सुनता है, जो होटल में गाना गाकर अपने परिवार का गुजारा करती है। राहुल उसकी आवाज से इतना प्रभावित होता है कि उसे एक सफल सिंगर बनाने का फैसला कर लेता है। राहुल, आरोही को मुंबई लाता है और उसके कॅरियर को संवारने में पूरी मदद करता है। आरोही की गायकी लोगों को बहुत पसंद आती है और वह धीरे-धीरे स्टार बन जाती है। इस बीच दोनों के बीच प्यार भी गहराने लगता है। हालांकि, राहुल का अपना कॅरियर खत्म हो चुका होता है और उसे यह लगने लगता है कि उसकी मौजूदगी आरोही के लिए बोझ बनती जा रही है। इसके बाद 'आशिकी 2' कहानी बड़ा मोड़ लेती है।*

**खबर संक्षेप**

## भारी बारिश को लेकर सतर्क रहें लोग

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में लगातार हो रही भारी बारिश को लेकर पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने


गुलाब कमरो

क्षेत्रवासियों से सावधानी और सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि बीते कुछ दिनों से हो रही मूसलधार बारिश के चलते नदी-नालों और निचले इलाकों में जल भराव की स्थिति बनी हुई है, जिससे आमजन के जीवन और संपत्ति को खतरा हो सकता है। श्री कमरो ने जनता से आग्रह किया कि वे नदी-नालों, पुलों और जल से भरे क्षेत्रों से दूर रहे और अनावश्यक रूप से घरों से बाहर निकलने से बचें। उन्होंने विशेष रूप से चेताया कि यदि किसी पुल पर पानी बह रहा हो, तो उसे पार करने की कोशिश बिल्कुल न करें, यह जानलेवा हो सकता है। पूर्व विधायक ने कहा कि स्थानीय प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी की जा रही चेतावनियों, अलर्ट और दिशा-निर्देशों का पालन करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सावधानी ही सुरक्षा है और ऐसे समय में लापरवाही नहीं, बल्कि समझदारी और सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय प्रशासन, आपदा प्रबंधन टीम या निकटतम पुलिस स्टेशन को तुरंत सूचित करें, ताकि समय पर सहायता मिल सके। उन्होंने कहा कि समस्या की घड़ी में प्रशासन के साथ मिलकर काम करना ही एक जिम्मेदार नागरिक की पहचान है। पूर्व विधायक विश्वास जताया कि क्षेत्रवासी एकजुटता और सतर्कता के साथ इस संकट का डटकर सामना करेंगे।

## पीडीएस दुकान संचालिका ने कलेक्टर से की शिकायत

**बैकुण्ठपुर।** खाद्यान्न वितरण के दौरान अभद्रता करने का मामले के बाद सोसायटी संचालिका द्वारा



कलेक्टर को लिखित शिकायत देकर आरोपियों के विरूद्ध प्रथम सूचना पत्र दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने के साथ उस परिवार को प्रदत्त राशन कार्ड को निरस्त करने की मांग की। प्राप्त शिकायत केक अनुसार आवेदिका धनेश्वरी राजवाडे निवासी कंचनपुर जो कि बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मझगवां में खाद्य सोसायटी का संचालन करती है। पूर्व में खाद्यान्न वितरण को लेकर अनावेदक अशोक राजवाडे एवं उसके परिवार के द्वारा आवेदिका धनेश्वरी राजवाडे के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए झूठे शिकायत में फंसाने की बात पर आवेदिका ने अशोक राजवाडे एवं उसके परिवार के सदस्यों के नाम जारी अंत्योदय कार्ड को निरस्त करने की मांग कलेक्टर को करते हुए अपनी शिकायत में उल्लेख किया गया कि उक्त राशन कार्ड के लिए आरोपियों द्वारा पात्रता नहीं होने के बावजूद गलत तरीके से राशन कार्ड प्राप्त किया है।

## तीन दिन बाद भी मृतिका की नहीं हुई पहचान

**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला के साथ कोई परिजन नहीं होने पर पुलिस लाश को पहचान के लिए मरच्यूरी कक्ष में रखा गया है।

### आत्मानंद विद्यालय में जिला स्तरीय आयोजन

# कारगिल विजय दिवसः शौर्य, बलिदान और विजय की अमर गाथाः रामनरेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

वर्ष 1999 में कारगिल की बर्फीली चोटियों पर पाकिस्तान की सेना ने छिपकर घुसपैठ की, लेकिन उन्हें क्या मालूम था कि जिनके खिलाफ वे खड़े हैं, वे भारतीय सैनिक हैं, जिनका हौसला पर्वत से भी ऊंचा है और जिनका संकल्प मौत से भी मजबूत है। उक्ताशय के उदगार कारगिल विजय दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में आयोजन के मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम चिरमिरी के महापौर रामनरेश राय व्यक्त किए।


आयोजित कार्यक्रम।

इस अवसर पर मंच पर जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे, बीईओ गोपाल कृष्ण दुबे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव, अध्यक्ष नगर पंचायत झगराखंड श्रीमती रीमा यादव, अध्यक्ष नगर पंचायत खोंगापानी श्रीमती ललिता रमा यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित वर्मा, पार्षद सुनैना विश्वकर्मा, नीलू जायसवाल, सुशीला सिंह, श्रीमती माया प्रमुख रूप से मौजूद रहे। साथ ही पूर्व नपा उपाध्यक्ष सुरेश श्रीवास्तव, आशीष मजूमदार,आलोक जायसवाल, महेन्द्र प्रताप सिंह, संजय सिंह सेंगर, जसपाल सिंह, गुरजीत सिंह खनूजा, विनीत जायसवाल, जयंती यादव, आनंद ताम्रकार समेत नगर के गणमान्यजन काफी संख्या में मौजूद रहे। सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, इसके उपरांत शहीद राजेश पटेल की बहन श्रीमती बेबी पटेल, सेवानिवृत सैनिक रमेश चंद्र का स्वागत अतिथियों ने शाल, श्रीफल भेंट कर किया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री मिरे ने कहा कि आज हम सब यहां 26 जुलाई कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एकत्र हुए हैं। यह दिन भारतीय सेना की अद्वितीय वीरता, साहस और बलिदान का प्रतीक है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि जब-जब देश की सीमाओं पर संकट आया है, हमारे जवानों ने अपने प्राणों की आहुति देकर भारत माता की रक्षा की है। आज आप सभी इस अवसर पर उपस्थित हुए इसके लिए मैं आप सभी का स्वागत अभिनंदन करता हूं। इस मौके पर विद्यालय के छात्राओं ने भाषण व गीत प्रस्तुत किए। पंडित रामचरित द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन विजय के अंतर्गत हमारे वीर जवानों ने जान की बाजी लगाकर दुश्मन को खदेड़ा और हर चोटी पर तिरंगा फहराया। कैप्टन विक्रम बत्रा, लेफ्टिनेंट मनोज पांडे, ग्रेनेडियर योगेन्द्र यादव और राइफलमैन संजय कुमार जैसे अनेक नाम आज भी हर भारतवासी के दिल में बसते हैं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू ने कहा कि यह दिवस सिर्फ विजय का नहीं, स्मरण और संकल्प का भी दिन है। स्मरण उन शहीदों का, जिन्होंने हमारे आज के लिए अपना कल बलिदान कर दिया। विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव ने कहा कि आज हम सब संकल्प इस बात का ले कि हम उनके सपनों का भारत बनाएं, एक सशक्त, समर्पित और समृद्ध राष्ट। आज हम जिन स्कूलों में पढ़ रहे हैं, जिस छत के नीचे सुरक्षित हैं, वो सब संभव हुआ है उन सैनिकों की वजह से, जो सरहद पर डटे हुए हैं। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल केशरवानी ने कहा कि 26 जुलाई ये दिन है बलिदान, साहस और मातृभूमि के लिए मर-मिटने वाले रणबाँकों को सलाम करने का। आज हम जिस खुले आसमान के नीचे सांस ले रहे हैं, जिस शांति में पढ़-लिख रहे हैं, वो किसी सौभाग्य से नहीं मिला। ये सब मिला है उन सैनिकों की वजह से, जिन्होंने कारगिल की बर्फीली चोटियों पर मौत को हरा कर तिरंगा लहराया। शिक्षक इरफान ने कहा कि कारगिल युद्ध ने हमें सिखाया कि वीरता वर्दी से नहीं, हौसले से आती है। देशभक्त्ति भाषणों से नहीं, बलिदान से सिद्ध होती है और आजादी केवल एक अधिकार नहीं, एक जिम्मेदारी है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोपाल कृष्ण दुबे ने छात्र-छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा कि अगर आप एक अच्छे विद्यार्थी बनें, एक सच्चे नागरिक बनें, तो यही होगी सच्ची श्रद्धांजलि उन शहीदों को, जिन्होंने अपने आज को हमारे कल पर न्यौछावर कर दिया। आइए सब मिलकर गर्व से कहें भारत माता की जय। कार्यक्रम का कुशल संचालन नारायण तिवारी व सरिता मिश्रा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार से रामआश्रय शर्मा, यूबी मिश्रा, संजीव कुमार, सूर्योदय, इरफान, नीरज द्विवेदी, द्वारिका मिश्रा, सत्येन्द्र सिंह, विनोद पाण्डेय, मोमिता चक्रवर्ती समेत विद्यालय के छात्राएं काफी संख्या में मौजूद रहे।

## खेल और संवाद के माध्यम से बालिकाएं हुई जागरूक



**मनेन्द्रगढ़।** जिले में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत आयोजित अंतिम जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आदर्श विद्या मंदिर हायर सेकेंड्री स्कूल खोंगापानी में ऑनलाइन सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता विषय पर विशेष सत्र का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य बालिकाओं को साइबर अपराधों और डिजिटल खतरों से सचेत करते हुए उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनाना था। इस कार्यक्रम का संचालन कलेक्टर एवं दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देश तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके खाती के मार्गदर्शन में किया गया।

■ **आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में समापन**

पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन सिंह का आयोजन में सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम की रूपरेखा मिशन शक्ति के अंतर्गत जिला मिशन समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा के नेतृत्व में तैयार की गई, जिन्होंने बालिकाओं के लिए इस सत्र को संवादात्मक, सरल और ज्ञानवर्धक रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य सत्र में पुलिस विभाग की श्रीमती उषा राजवाड़े ने बालिकाओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी, डेटा चोरी, बैंकिंग फ्रॉड, रैनसमवेयर, सॉफ्टवेयर हैकिंग, डी-डॉस अटैक और साइबर जासूसी जैसे जटिल साइबर खतरों से अवगत कराया। उन्होंने सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, पहचान गोपनीयता, पासवर्ड सुरक्षा जैसे विषयों पर व्यवहारिक उदाहरणों सहित मार्गदर्शन दिया। इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रतिनिधि श्रीमती अंजनी यादव (पीएलवी) ने बालिकाओं को कानूनी अधिकारों, आत्मरक्षा तकनीकों और साइबर शोषण से बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की महत्ता समझाते हुए बालिकाओं को किसी भी आपात स्थिति में निःसंकोच मदद लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वित्तीय साक्षरता समन्वयक श्रीमती अनीता कुमारी साह ने सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला कल्याणकारी योजनाओं जैसे-नोनी सुरक्षा योजना, सक्षम योजना, सखी निवास, शक्ति सदन, नारी अदालत, महतारी वंदन योजना, मातृ वंदन योजना और नवा बिहान योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने योजनाओं के लाभों को बालिकाओं की भाषा में सरल रूप से समझाकर उनके आत्मनिर्भर भविष्य की दिशा स्पष्ट की। वहीं आरके खाती ने बालिकाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों, डिजिटल साक्षरता, आत्मरक्षा कौशल और शिक्षा के महत्व पर विस्तार से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज की बेटियां तकनीकी जागरूकता, आत्मबल और शिक्षा के माध्यम से समाज की संरचना को बदलने की शक्ति रखती हैं। यह जिम्मेदारी हम सबकी है कि उन्हें सुरक्षित, सशक्त और जागरूक बनाया जाए। आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षक टीवी वीरेन्द्र बहादुर सिंह, हृदय नारायण सिंह, विश्वजीत आचार्य, अनिल कुमार त्रिपाठी सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। बालिकाओं ने पूरे सत्र में गहरी रुचि दिखाई, प्रश्न पूछे, अपनी जिज्ञासाएं साझा कीं और व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया।


आयोजित सम्मान समारोह।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान में समारोह

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर संकुल के तत्वावधान में संकुल प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता के निर्देशन में सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान में गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शासकीय माध्यमिक शाला पुलिस लाइन में पदस्थ प्रधान पाठक एवं संकुल समन्वयक अमृतलाल बैरागी और शासकीय माध्यमिक शाला जनकपुर के प्रधान पाठक संकुल समन्वयक भोलाराम साहू के सेवानिवृत्ति उपरांत सम्मान के लिए आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता, विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवेश जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से विनय मोहन भट्ट मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर दोनों सेवानिवृत्त शिक्षकों को साल, श्रीफल, एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने अनुभव साझा करते हुए सेवानिवृत्त शिक्षकों ने अपने सेवाकाल की स्मृतियों को भावुक अंदाज में प्रस्तुत किया तथा उपस्थित शिक्षकों को प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री गुप्ता ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते, यह एक ऐसा पद है जिसके लिए भूतपूर्व शब्द नहीं कहा जा सकता। एक शिक्षक चाहे तो सेवानिवृत्ति के पश्चात भी समाज के नजदीकी विद्यालयों में अपना योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम का समापन संकुल प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता द्वारा आभार ज्ञापन एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों के स्वस्थ जीवन की मंगलकामनाओं के साथ किया गया। समारोह में संकुल की वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती पुष्पा सिंह, सुश्री साहिस्ता अंजुम अली, संकुल समन्वयक संजय कुमार यादव सहित संकुल केन्द्र कन्या बैकुंठपुर अ एवं ब के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं काफी में उपस्थित रहे।

## नए उप संचालक पैकरा ने पदभार संभाला

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में उप संचालक कृषि के पद पर इंद्रासन पैकरा की नियुक्ति हुई है। उन्होंने दंतेवाड़ा से स्थानांतरित होकर पदभार ग्रहण किए। इसके पूर्व इस पद पर प्रभारी उप संचालक कृषि के रूप में कार्यरत लाल सिंह आर्मो अब अपने मूल स्थान कोरिया में पदस्थ हो गए हैं।




जिला कृषि कार्यालय मनेन्द्रगढ़ के सभागार में स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवपदस्थ उप संचालक श्री पैकरा का विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। वहीं निवर्तमान उप संचालक लाल सिंह आर्मो को स्मृति चिन्ह, पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण के साथ भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री आर्मो के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके योगदान को यादगार बताया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## छात्रों की समस्याओं का निराकरण करने एनएसयूआई ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**अंबिकापुर।** संत गहिरा गुरु विश्व विद्यालय में प्रबंधन की लापरवाही से छात्र छात्राओं को हो रही परेशानियों को लेकर एनएसयूआई के नवनियुक्त विश्वविद्यालय अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता ने कुलपति से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के 2023-24 का बी प्रमाण पत्र अभी तक छात्रों को नहीं मिल पाया है जिससे छात्र परेशान है।



बीसीए तृतीय वर्ष एवं अन्य संकाय के परिणाम में कई छात्रों को शून्य दिया है ऐसे में उन परिणामों को पुनर्मूल्यांकन करवा कर पुनः परिणाम घोषित किए जाए। उन्होंने बताया कि यूएफम आए छात्रों की समिति तत्काल बनवा कर उनके परिणाम में सुधार करने की मांग की गई है। इसके साथ ही पुनर्मुल्यांकन के परिणाम में देरी के कारण कई छात्र छात्राओं ने पूरक परीक्षा के भर देते है। विवि के परीक्षा सत्र 2022-23, 2023-24 में जो छात्र पुनर्मूल्यांकन में उत्तीर्ण हो चुके है उनका पूरक परीक्षा फॉर्म का शुल्क अब तक उनके खातों में ट्रांसफर नहीं किया गया हा। छात्र संगठन ने छात्रों के शुल्क वापस करने कि मांग कि है। वहीं छात्र छात्राओं को छोटे छोटे काम के लिए विवि के चक्कर लगाने पड़ रहे है।

## क्लोरीनेशन से ग्रामीणों को मिल रहा स्वच्छ जल

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के भरतपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम रॉपा के निवासियों के लिए अब पीने का पानी पहले से कहीं अधिक सुरक्षित और स्वच्छ हो गया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्राम में स्थापित हैंडपंप के जल स्त्रोत में क्लोरीनेशन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस वैज्ञानिक प्रक्रिया के माध्यम से जल में उपस्थित हानिकारक जीवाणुओं और कीटाणुओं को प्रभावी ढंग से नष्ट किया गया, जिससे अब ग्रामीणों को संक्रमण मुक्त एवं गुणवत्ता युक्त पेयजल मिल रहा है।

क्लोरीनेशन की यह पहल ग्रामवासियों के स्वास्थ्य की दृष्टि से एक बड़ा और कारगर कदम है, जिससे ग्रामीणों को जलजनित बीमारियों से बचाव में सीधा लाभ मिलेगा। उल्लेखनीय है कि अब तक कई ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की गुणवत्ता को लेकर चिंता बनी रहती थी, विशेषकर गर्मियों और बरसात के मौसम में जब जल स्त्रोतों में प्रदूषण की संभावना बढ़ जाती है, ऐसे में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा समय रहते इस पहल को अमल में लाना अत्यंत सराहनीय है। विभाग द्वारा नियमित निगरानी, पानी के सैंपल परीक्षण और आवश्यकतानुसार क्लोरीन का उपयोग कर जल स्त्रोतों को शुद्ध बनाया गया है, जिससे न केवल पेयजल की गुणवत्ता में सुधार आया है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।



## वेतनमान की याचिका में उच्च न्यायालय ने सुनाया वीरेन्द्र के पक्ष में फैसला

**रामानुजनगर।** शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी न्यायिक लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित करते हुए, सरगवां एवं रामानुजनगर निवासी वीरेंद्र कुमार आ. स्व. अमीर चंद शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला ललमटिया, विकासखंड उदयपुर ने बिलासपुर उच्च न्यायालय में अपनी दूसरी बड़ी जीत दर्ज की है। श्री कुमार द्वारा क्रमोन्नत वेतनमान की वैधानिक मांग को लेकर दायर याचिका पर उच्च न्यायालय ने उनके पक्ष में निर्णय सुनाया। यह फैसला न केवल उनके लिए, बल्कि राज्यभर के शिक्षकों के लिए भी एक प्रेरणादायक मिसाल बन गया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए वीरेंद्र कुमार ने कहा कि यह जीत सत्य की जीत है।

## केतकी खदान की क्रमिक भूख हड़ताल समझौते के बाद समाप्त



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के एमडीओ मोड से संचालित केतकी खदान में एसकेएमएस एटक के नेतृत्व में ठेका श्रमिकों की 9 सूत्रीय मांग को लेकर चल रही क्रमिक भूख हड़ताल के चौथे दिन क्षेत्रीय प्रबंधन, एसएमएस कंपनी एवं ठेका मजदूरों के मध्य आपसी हितकारी समझौते व सहमति बनने उपरान्त समाप्त हो गई है। गौरतलब है कि केतकी भूमिगत खदान में एटक यूनियन नेतृत्व में ठेका मजदूरों की मांग को लेकर क्रमिक भूख हड़ताल पश्चात आमरण अनशन आंदोलन किया जा रहा था।आंदोलन के चौथे दिन बिश्रामपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक की मध्यस्थता में बैठक आयोजित की गई,उक्त बैठक में बिश्रामपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय सिंह, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक एसकेपी शिंदे,एचआर हरेन्द तिवारी,केतकी खदान के मैनेजर विनम्र जैन,नागपुर महाराष्ट्र से आए एसकेएमपीएल के एचआर हेड निशांत बोरे, नरेश नागपुरे, एटक यूनियन के क्षेत्रीय सचिव पंकज कुमार गर्ग,कार्यवाहक अध्यक्ष वीसी जैन, आरके द्विवेदी, सलमान खान, पोड़ी तथा जोबगा गांव के सरपंच हितेंद्र सिंह मरकाम, अजय पोर्ते, संत लाल, सोमार साय सहित 20 ठेका श्रमिक सम्मिलित हुए।करीब 2 घंटे चले बैठक के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### आबकारी आरक्षक भर्ती...

शामिल होंगे। परीक्षा केन्द्रों में सुरक्षा, निगरानी और व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए 8 आब्जर्वर, 3 रिजर्व टीमें, उड़नदस्ता टीम 1 तथा उप पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी को जिला पुलिस नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। परीक्षा प्रातः 11 से दोपहर 1:15 बजे तक आयोजित होगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ के 2 घंटे पूर्व केन्द्र पहुंचना अनिवार्य होगा। परीक्षा प्रारंभ के आधा घंटा पूर्व मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। प्रत्येक अभ्यर्थी की हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर व मैनुअल तलाशी की जाएगी। केन्द्र में एक पुरुष और एक महिला पुलिसकर्मी की तैनाती अनिवार्य होगी। उड़नदस्ता दल परीक्षा केन्द्रों के भीतर और बाहर निगरानी रखेगा। निरीक्षण दल की नियुक्ति-तहसीलदार सुश्री श्रुति धुर्वे, सहायक शालीन यादव पुलिस आरक्षक मंगल मूर्ति नेताम को उड़नदस्ता अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण करेंगे। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे निर्देशों का पालन करें और समय पर परीक्षा केन्द्र पहुंचकर शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी परीक्षा में सहयोग प्रदान करें।

### अब शनिवार को...

संचालनालय रायपुर द्वारा शनिवर को शाला संचालन संबंधी समय-सारणी बनाई गई है,लेकिन जिला स्तर व ब्लाक स्तर पर इस संबंध में शुक्रवार कोई आदेश अलग से जारी नहीं किया गया है। इस कारण 26 जुलाई शनिवार को शाला संचालन पुराने समय-सारणी के अनुसार होगा या जारी शैक्षणिक के अनुसार शाला संचालन होगा, इसे लेकर शिक्षकों में भी असमंजस की स्थिति एक दिन पहले बनी रही।

**छोटे बच्चों को-** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा चालू शिक्षा सत्र के लिए जारी शैक्षणिक कैंलेडर में प्राथमिक विद्यालयों के छोटे बच्चों के लिए पूर्व के वर्षो की अपेक्षा देरी से भोजन अवकाश प्रदान किया जाएगा, इससे बच्चों को अधिक समय तक भूखा रहना पड़ेगा। नया शैक्षणिक कैंलेडर के अनुसार प्राथमिक विद्यालयों में अब 1:45 से 2:35 तक 50 मिनट दीर्घ अवकाश एमडीएम के लिए समय निर्धारित किया गया है, इसके चलते बच्चों को अधिक देर तक भूखा रहना पडेगा, जबकि मिडिल स्कूलों में दोपहर 1:10 से 1:50 बजे तक 40 मिनट दीर्घ अवकाश एमडीएम का अवकाश दिया जाएगा। इस तरह मिडिल के बच्चों को जल्द भोजन अवकाश मिलेगा।





